# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013–14

## विषय – सामाजिक विज्ञान (Social Science)
## कक्षा – दसवीं
## सेट–डी

समय– 3 घंटे | पूर्णांक– 100

**Time- 3 Hours** | **Maximum Mark – 100**

निर्देश–

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
ii. प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए।
iii. प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक वाक्य में उत्तर तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। 1x5= 5x5 = 25 अंक
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक में आन्तरिक विकल्प दिये गये है।
v. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना है।
vi. प्रश्न क्रमांक 11 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।
vii. प्रश्न क्रमांक 18 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।
viii. प्रश्न क्रमांक 23 तथा 24 में प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

**Instructions –**

i. All question are compulsory.
ii. Please the instructions carefully before writing the answer.
iii. Q. No. 1 to 5 are objective type which contain fill up the Blank, True/False, match the column, one sentence answer and choose the correct answers. Each question is allotted 5 marks. 1x1 = 5x5 =25 Marks.
iv. Internal options are given in Q. No. 6 to 24.
v. Q. No. 6 to 10 carry 2 marks each and answer should be given in about 30 words.
vi. Q. No. 11 to 17 carry 4 marks each and answer should be given in about 75 words.
vii. Q. No. 18 to 22 carry 5 marks each and answer should be given in about 120 words.
viii. Q. No. 23 and 24 carry 6 marks each and answer should be given in about 150 words.

प्रश्न 1. स्तंभ 'अ' के लिए स्तंभ 'ब' से चुनकर सही जोड़ियां बनाइये–

| | अ | – | ब |
|---|---|---|---|
| (i) | काजीरंगा | – | मुम्बई |
| (ii) | दुधवा | – | उत्तरप्रदेश |
| (iii) | सूती वस्त्र उद्योग की राजधानी– | | सुभाष चन्द्र बोस |
| (iv) | आजाद हिन्द फौज की स्थापना– | | नेपाल |
| (v) | यूनाइटेड टेलीकॉम | – | असम |

Make the correct pair for column 'A' choosing from column 'B'.

| | A | - | B |
|---|---|---|---|
| (a) | Kaziranga | - | Mumbai |
| (b) | Dudhwa | - | Uttar Pradesh |
| (c) | Capital of Cotton Textiles | - | Subhash Chandra Bose |
| (d) | The establishment of Azad Hind Force- | | Nepal |
| (e) | United Telecom | - | Assam |

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(अ) राज्य सभा की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु है –

(i) 25 वर्ष (ii) 30 वर्ष

(iii) 35 वर्ष (iv) 50 वर्ष

(ब) 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता का प्रतिशत है –

(i) 64.8% (ii) 65.8%

(iii) 66.6% (iv) 75.4%

(स) भारत और चीन का युद्ध कब हुआ –

(i) 11 जुलाई 1962 (ii) 20 अक्टूबर 1962

(iii) 20 अगस्त 1964 (iv) 11 जुलाई 1965

(द) प्रथम–योजना के प्रारंभ में कितने व्यक्ति बेरोजगार थे?

(i) 25 लाख (ii) 43 लाख

(iii) 33 लाख (iv) 35 लाख

(इ) कृषि क्षेत्र सम्मिलित है –

(i) प्राथमिक क्षेत्र में (ii) द्वितीयक क्षेत्र में

(iii) तृतीयक क्षेत्र में (iv) द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र में

Choose the correct option.

(a) Minimum age for the membership of Rajya Sabha is -

(i) 25 Years (ii) 30 Years

(iii) 35 Years (iv) 50 Years

(b) According to 2001 census, the percentage of literacy in India is -

(i) 64.8% (ii) 65.8%

(iii) 66.6% (iv) 75.4%

(c) When did India and China war take place -

(i) 11 July 1962 (ii) 20 Octuber 1962

(iii) 20 August 1964 (iv) 11 July 1965

(d) How many persons were unemployed in beginning of first five year plan?

(i) 25 Lac. (ii) 43 Lac.

(iii) 33 Lac. (iv) 35 Lac.

(e) Agriculture is included in -

(i) Primary sector (ii) Secondary sector

(iii) Tertiary sector (iv) Secondary and Tertiary sector

प्रश्न 3. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(i) अर्थ व्यवस्था को .................... क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है।

(ii) शिक्षा एवं स्वास्थ्य .................... अधोसंरचना के अंग है।

(iii) .................... सबसे अधिक कागज उत्पादन करने वाला राज्य है।

(iv) ...............के प्रसार से हमारे देश में मृत्यु दर तेजी से कम हो रही है।

(v) इंटरनेशनल नेटवर्क का संक्षिप्त नाम ................... है।

Fill in the blanks.

(i) Economy is divided in to …………. sectors.

(ii) Education and Health are the components of ………….  infrastructure.

(iii) Most paper producing  state of India is………….

(iv) The awareness of .................... is lowering the death rate in our country.

(v) The short name of International Network is ………….

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

(अ) सुभाषचंद्र बोस ने फॉरवर्ड ब्लॉक संगठन की स्थापना किस सन् में की थी?

(ब) भारतीय योजना आयोग का गठन कब दिया गया था?

(स) संविधान सभा की पहली बैठक कब हुई थी?

(iv) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सेवा निवृत्ति आयु बताइए।

(v) लोकसभा की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु क्या है?

Answer each of the following in on Sentence :-

(i) In which year Forward Block organisation was established by Subhash Chandra Bose?

(ii) When was the Planning Commission constituted in India?

(iii) When was first meeting of constitutional Assembly held?

(iv) Mention the retirement age of high court Judge?

(v) What is the minimum age for the member of Lok Sabha?

प्रश्न 5. निम्नलिखित में सत्य अथवा असत्य बताइये –

(अ) दिल्ली की जनता ने बहादुर शाह द्वितीय को भारत का सम्राट् घोषित किया।

(ब) बिजली के उपकरणों पर आई.एस.आई. का चिन्ह रहता है।

(स) विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को मनाया जाता है।

(द) एगमार्क कृषि उत्पादों पर लगाया जाता है।

(इ) आपदा प्रबंधन द्वारा आपदाओं से होने वाली हानि को कम किया जा सकता है।

State whether True/False

1. Bahadur shah II was declared the king of India by public of Delhi.
2. There is an ISI mark on Electrical Devices
3. World Consumer Day is celebrated on 15th of March.
4. Agmark is put on agriculture products.
5. Losses of disaster can be minimized by disaster management.

प्रश्न 6. काली मिट्टी की कोई दो विशेषताएं लिखिए।

Write any two characteristics of black soil.

अथवा

Or

मृदा संरक्षण से आप क्या समझते है?

What is meant by soil conservation?

प्रश्न 7. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं के नाम बताइये।

Name a few freedom fighters who led the freedom struggle of 1857.

अथवा

Or

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (1885) की स्थापना के कोई दो उद्देश्य लिखिए।

Write any two objectives of establishment of Indian National Congress (1885).

प्रश्न 8. स्वसहायता समूह किन्हें कहते है?

What are self help groups.

अथवा

Or

राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक की स्थापना किस उद्देश्य से की गई?

What was the aim of establishment of National Bank for Agriculture and Rural development.

प्रश्न 9. भारत की कोई दो प्रमुख आयात वस्तुओं के नाम लिखिए।

Write the names of any two main items which are imported from India.

अथवा

Or

सेवा क्षेत्र क्या है?

What is service sector.

प्रश्न 10. उपभोक्ता शोषण से क्या आशय है?

What is meant by consumer exploitation.

अथवा

Or

वस्तुओं के मानकीकरण का क्या अर्थ है?

What is the meaning of standar-disation.

प्रश्न 11. लोहा–इस्पात उद्योग आधारभूत उद्योग क्यों कहलाता है।

Why is Iron  and Steel industry called basic Industry,?

अथवा

Or

प्रदूषण का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? समझाइए।

What are the bad effects of polution on humanlife? Expain.

प्रश्न 12. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले चार प्रमुख कारकों को लिखिए?

Write the four main factors affecting international trade.

अथवा

Or

'परिवहन तथा संचार के साधन किसी राष्ट्र की जीवन रेखाएं है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

'Means of transport and Communication are the Lifeline of any nation.' Prove this statement.

प्रश्न 13. आपदाओं से क्या तात्पर्य है? लिखिए।

What do you mean by disaster? Write.

अथवा

Or

सुनामी पैदा होने के क्या कारण हैं? लिखिए।

What are the reasons of Tsunami? Write.

प्रश्न 14. जंगल सत्याग्रह क्या था? लिखिए।

What was Jungle Satyagraha? Write.

अथवा

Or

''चन्द्रशेखर आजाद एक वीर स्वतंत्रता सेनानी थे''। समझाइये।

"Chandra Shekhar Azad was a brave freedom Fighter". Explain.

प्रश्न 15. ताशकन्द समझौते की शर्तें लिखिए।

Write the conditions of Tashkand agreement.

अथवा

Or

भारत और चीन के युद्ध के कोई चार परिणाम लिखिए।

Write any four effects of Indo-China war.

प्रश्न 16. ''भारतीय संविधान में कठोर एवं लचीलेपन का सम्मिश्रण है'' कथन को स्पष्ट कीजिए।

"Indian Constitution is rigid so also flexible" Explain the statement.

अथवा

Or

नागरिकों के मौलिक अधिकार कौन–कौन से है? लिखिए। (कोई पांच)

Write the fundamental Rights of citizens. (any five)

प्रश्न 17. समाजवाद के कोई पांच लक्षण लिखिए?

Explain any five features of Socialism

अथवा

Or

वैश्वीकरण से छोटे–उत्पादकों पर क्या प्रभाव पड़ा?

Write the effect of globalization on the small producers.

प्रश्न 18. भारत के दिये गए सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये –

(अ) थार का मरूस्थल

(ब) नर्मदा नदी

(स) कर्क रेखा

(द) बंगाल की खाड़ी

(इ) एक गन्ना उत्पादक क्षेत्र

Show the following on the given outline map of India.

(a) Thar Desert

(b) Narmada river

(c) Tropic of cancer

(d) Bay of Bengal

(e) One sugarcane producingarea

अथवा

Or

निम्नलिखित मौसमी दर्शाओं को स्पष्ट करने हेतु संकते बनाइए :–

(अ) शांत वायु

(ब) प्रबल समीर

(स) धुंध

(द) कुहरा

(इ) धुंधला आकाश

Give the indication of the following seasonal conditions -

(a) Calm Wind

(b) Strong Breege

(c) Haze

(d) Fog

(e) Unclear Sky

प्रश्न 19. बंग–भंग आंदोलन के कोई पांच प्रभाव लिखिए?

Write any five effects of bang-Bhang movement.

अथवा

Or

सविनय–अवज्ञा आंदोलन चलाये जाने के कारण क्या थे? लिखिए।

What were the reasons of civil disobedience movement? write.

प्रश्न 20. कश्मीर समस्या क्या है? समझाइए।

What is Kashmir problem? Explain.

अथवा

Or

सन् 1971 के भारत–पाक युद्ध के क्या परिणाम हुए? लिखिए।

Write the cousequences of 1971 Indo-Pak war?

प्रश्न 21. लोकसभा अध्यक्ष के कोई चार कार्य लिखिए।

Write any four functions of the speaker of Lok Sabha.

अथवा

Or

राज्यपाल की प्रमुख–विधायी शक्तियां लिखिए।

Write the main legislative powers of the governor.

प्रश्न 22. जनसंख्या विस्फोट के सामाजिक कारण लिखिए।

Write the social causes of population explosion.

अथवा

Or

नशे पर प्रतिबंध क्यों होना चाहिए? लिखिए।

Why should intoxication be prohibited? write.

प्रश्न 23. औषधीय उद्यान विधि के अंतर्गत कौन–कौन सी फसलों का उत्पादन संभव है? लिखिए।

Production of which crops is possible in medicinal and horticulture method? Write.

अथवा

Or

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

Write the contribution of Agriculture in Indian economy.

प्रश्न 24. सन् 1857 की क्रांति के क्या परिणाम हुए? समझाइए।

What were the consequences of the Revolution of 1857? Explain.

अथवा

Or

उग्र राष्ट्रवाद के उदय के कोई चार कारण लिखिए एवं प्रमुख नेताओं के नाम बताइए।

Write any five causes of rise of aggressive nationalism. Name few leaders of it?

– – – – – –

# <u>आदर्श उत्तर</u>

## विषय – सामाजिक विज्ञान (Social Science)
## कक्षा – दसवीं

उत्तर 1. सही जोडियां –

| | अ | – | ब |
|---|---|---|---|
| (i) | काजीरंगा | – | असम |
| (ii) | दुधवा | – | उत्तरप्रदेश |
| (iii) | सूती वस्त्र उद्योग की राजधानी | – | मुम्बई |
| (iv) | आजाद हिन्द फौज की स्थापना | – | सुभाष चन्द्र बोस |
| (v) | यूनाइटेड टेलीकॉम | – | नेपाल |

प्रत्येक सही जोड़ी पर 1 अंक एवं 5 पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।

उत्तर 2. सही विकल्प –

(i) 30 वर्ष

(ii) 64.8%

(iii) 20 अक्टूबर 1962

(iv) 33 लाख

(v) प्राथमिक क्षेत्र में

प्रत्येक सही विकल्प पर 1 अंक एवं 5 पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।

उत्तर 3. रिक्त स्थान की पूर्ति –

(i) तीन

(ii) सामाजिक

(iii) पश्चिमी बंगाल

(iv) स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार व शिक्षा

(v) इंटरनेट

प्रत्येक सही रिक्त स्थान पर 1 अंक एवं 5 पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।

उत्तर 4. एक वाक्य में उत्तर –

(1) सुभाषचंद्र बोस ने फॉरवर्ड ब्लाक संगठन की स्थापना सन् 1939 में की थी।

(2) भारतीय योजना आयोग का गठन 15 मार्च 1950 को किया गया था।

(3) संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर 1946 को हुई थी।

(4) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष है।

(5) लोकसभा की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष है।

प्रत्येक एक वाक्य में सही उत्तर देने पर 1 अंक एवं 5 पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।

उत्तर 5. सत्य / असत्य –

(i) सत्य

(ii) सत्य

(iii) सत्य

(iv) असत्य

(v) सत्य

प्रत्येक सत्य/असत्य पर सही उत्तर देने पर 1 अंक एवं 5 पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।

उत्तर 6.

1. काली मिट्टी का निर्माण लावा के प्रवाह से हुआ है। अतः इसमें मैग्मा के अंश लोहा व ऐल्युमीनियम की प्रधानता पायी जाती है।
2. इसमें अधिक समय तक नमी धारण करने की क्षमता होती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

मिट्टी के अपरदन या क्षय को रोकना तथा मृदा के उपजाउपन को बचाए रखना ही मृदा संरक्षण कहलाता है। ह्यूमस मृदा का महत्वपूर्ण अंग है उसे बनाकर रखना ही मिट्टी के उपजाउपन को बनाए रखना है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में दिल्ली में बहादुरशाह जफर, बख्तखां, लखनउ में बेगम हजरतमहल कानपुर में नाना साहब व तात्या टोपे, झांसी में रानी लक्ष्मीबाई, बिहार में कुंवर सिंह ने भाग लिया था।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

1. राष्ट्रहित के कार्यों में लगे सभी व्यक्तियों में परस्पर घनिष्ठता और मित्रता को बढ़ाना।
2. जाति, धर्म व प्रांतीयता की भावना से हटकर राष्ट्रीय एकता को विकसित व संगठित करना कांग्रेस के प्रांरभिक उद्देश्य थे।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. स्व–सहायता समूह व्यक्तियों का एक स्वैच्छिक संगठन है। आपसी सहयोग द्वारा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु छोटी–छोटी बचतों को बढ़ावा देता है। बचत को बैंक में जमा किया जाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की स्थापना कृषि विकास हेतु ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 जुलाई सन 1982 से कार्य कर रहा है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. भारत मुख्य रूप से पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य तेल, रासायनिक पदार्थ एवं मशीनरी आदि का आयात करता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

वह क्षेत्र जो अपनी सेवाओं के द्वारा उत्पादन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करता है। उसे सेवा क्षेत्र कहते है। जैसे परिवहन, विपणन, बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. जब कोई दूकानकार किसी भी उपभोक्ता या खरीदार को कोई खराब वस्तु देकर या सेवाओं के लिए अधिक मूल्य लेकर ठग लेता है तो इस क्रिया को उपभोक्ता शोषण कहते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

ऐसी वस्तुएं जो श्रेष्ठ गुणवत्ता के लिए सरकार द्वारा गठित संस्थाओं द्वारा प्रमाणित हो वस्तुओं के मानक तय (निर्धारित) कर दिए गए है जो मानकीकरण कहलाते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 11. लोहा एवं इस्पात उद्योग आधारभूत उद्योगों में से एक महत्वपूर्ण उद्योग है। किसी भी देश के आर्थिक विकास के लिए लोहा एवं इस्पात उद्योग का विकास आवश्यक होती है। इस उद्योग की गणना महत्वपूर्ण उद्योगों में की जाती है। किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का यह आधार स्तम्भ होता है। यह आधुनिक औद्योगिक ढांचे का आधार और राष्ट्रीय शक्ति का मापदण्ड है। लोहा–इस्पात उद्योग का उपयोग मशीनें, रेलवे लाइन, यातायात के साधन, रेल–पुल, जलयान, अस्त्र–शस्त्र एवं कृषि यंत्र आदि बनाने में किया जाता है। इसलिए लोहा–इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग कहा जाता है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

प्रदूषण के मानव जीवन पर प्रभाव –

1. प्रदूषित वायु मानव की श्वसन क्रिया पर प्रभाव डालती है इससे दमा, निमोनिया, गले में दर्द, खांसी के साथ ही कैंसर, मधुमेह और ह्दय रोग जैसे घातक रोग होते है।
2. प्रदूषित पेय जल अनेक रोगों के कीटाणु, विषाणु मनुष्य के शरीर में पहुंचाकर रोगों को उत्पन्न कर देता है। प्रदूषित जल के सेवन से पेचिश हैजा अतिसार टायफाइड चर्मरोग, खांसी जुकाम, लकवा, पीलिया व पेट के रोग हो जाते है।
3. गंदगी के क्षेत्रों एवं प्रदूषित चीजों पर मक्खी, मच्छर कीड़े आदि पनपते है जो मनुष्य के लिये पेचिश तपेदिक हैजा आंतों के रोग जैसे रोगों हेतु उत्तरदायी होते है।
4. ध्वनि प्रदूषण का सर्वाधिक प्रभाव सुनने की शक्ति पर पड़ता है। अत्यधिक शोर से व्यक्ति बहरा हो जाता है। इसके अतिरिक्त इससे रक्तचाप ह्दय सिरदर्द घबराहट आदि रोग भी मनुष्य में पनप जाता है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर सही उत्तर पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले कारक –

(1) स्थिति–जो देश संसार के व्यापारिक मार्गों पर स्थित होते हैं उनकी व्यापारिक उन्नति शीघ्र होती है।

(2) कटा–फटा–तट – जिन देशों का समुद्र तट कटा–फटा होता है वहां उन्नत बंदरगाह विकसित होता है वहां के लोग साहसी और अच्छे नाविक होते है।

(3) आर्थिक विकास – सभी देशों की आर्थिक स्थिति समान नहीं होती। जो देश आर्थिक प्रगति में आगे है उसका व्यापार अधिक उन्नत होता है।

(4) जनसंख्या की भिन्नता– अधिक जनसंख्या वाले देशों में मांग अधिक रहती है। तथा कम जनसंख्या वाले देशों में लोगों का जीवन स्तर ऊंचा होता है तथा वस्तुओं की मांग अधिक होती है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण सही पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में परिवहन व संचार साधनों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। परिवहन में रेल परिवहन, सड़क परिवहन जहाजरानी, जलयान एवं वायुयान आते है। संचार के अंतर्गत डाक सेवाऐं तथा दूरसंचार, तार टेलीफोन, दूरदर्शन आते हैं।

परिवहन व संचार साधनों के निम्नलिखित महत्व है –

(1) परिवहन व संचार के साधन उत्पादन के सभी साधनों को गतिशीलता प्रदान करते हैं। इससे न केवल देश में उपलब्ध साधनों का उचित प्रयोग संभव हो पाता है बल्कि देश में व्याप्त क्षेत्रीय विषमताएं भी कम हो जाती है।

(2) परिवहन और संचार के साधन उद्योगों द्वारा निर्मित वस्तुओं को देश के कोने–कोने में पहुंचाने में सहायक सिद्ध होते है।

(3) इन साधनों द्वारा आर्थिक विकास में योगदान देने वाले सभी साधनों को अधिक से अधिक मात्रा में जुटाया जाता है।

(4) इन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि परिवहन व संचार के साधन परस्पर संपर्क स्थापित करने में सहायक होते हैं।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण सही पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 13. आपदा से आशय – आपदा एक मानव जनित या प्राकृतिक विपत्ति है जिससे निश्चित क्षेत्र में आजीविका तथा संपत्ति की हानि होती है, जिसकी परिणति मानवीय वेदना तथा कष्टों में होती है।

अतः वे समस्त घटनाएं जो प्रकृति में व्यापक रूप से घटित होती है और मानव समुदाय को असुरक्षित वं संकट में डालते हुए मानवीय दुर्बलताओं को दर्शाती है आपदाएं कहलाती है। जैसे–भूकम्प, बाढ़, चक्रवात, सूखा, भूस्खलन, आग, आतंकवाद, नाभिकीय संकट, रासायनिक संकट, पर्यावरणीय संकट आदि मानव के लिए आपदा के रूप में आते हैं।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

सुनामी के कारण – समुद्री जल हमेशा अशांत रहता है। समुद्री जल में हलचल होना स्वाभाविक है। भूकम्प और ज्वालामुखी का समुद्री क्षेत्रों में आना ही सुनामी आपदा का प्रमुख कारण है। जब समुद्री क्षेत्रों के धरातल में अचानक ज्वालामुखी या भूकम्प के उद्भेदन की क्रिया होती है तो समुद्री जल में गतिशीलता बढ़ती है, जिसके कारण समुद्री जल में ऊंची तरंगे उत्पन्न होती है। जो जनहानि और संपदा विनाश का कारण बनती है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. सन् 1930 में जब महात्मा गांधी ने दाण्डी यात्रा कर नमक सत्याग्रह शुरू किया था तब सिवनी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्गा शंकर मेहता के नेतृत्व में जंगल सत्याग्रह चलाया। सिवनी से 9/10 मील दूर चन्दन बगीचों के जंगलों में घास काटकर यह सत्याग्रह किया जा रहा था। पुलिस दरोगा और रेंजर ने सत्याग्रहियों का समर्थन करने आए जनसमुदाय के साथ अभद्र व्यवहार किया जिससे जनता उत्तेजित हो गई। सिवनी के डिप्टी कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने गोली चला दी। घटनास्थल पर ही तीन आदिवासी महिलाएं व एक पुरूष शहीद हो गए। इस घटना से मध्यप्रदेश के अन्य हिस्सों में भी स्वतत्रंता की ज्योति जलाने का प्रभाव पड़ा।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

चन्द्रशेखर आजाद का जन्म मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के भामरा ग्राम में हुआ था। 14 वर्ष की अल्प आयु में असहयोग आंदोलन से जुडे। क्रांतिकारी विचारधारा के कारण वे लम्बे समय तक महात्मा गांधी जी के मार्ग पर नहीं चल सके। वे क्रांतिकारी श्रीगुप्त के संपर्क में आए। पं. राम प्रसाद विस्मिल के नेतृत्व में उन्होंने युग की महान क्रांतिकारी घटना काकोरी कांड में हिस्सा लिया। जब पुलिस ने आजाद का पीछा किया तो वे बचकर निकल गए। उत्तर भारत की पुलिस आजाद के पीछे पड़ी हुई थी। दल के साथी विश्वासघात कर चुके थे। जिससे वे चिंतित थे। आजाद बचते छिपते इलाहबाद जा पहुंचे। 27 फरवरी 1931 को वे अल्फ्रेड पार्क में बैठे हुए थे। पुलिस ने उन्हें घेर लिया जब उनकी पिस्तौल में एक गोली बची थी तब उसे अपनी कनपटी पर दागकर शहीद हो गये।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15. ताशकंद समझौते की मुख्य शर्ते निम्नवत हैं–

(1) दोनों पक्ष अच्छे पड़ोसी जैसे संबंध स्थापित करने को सहमत हुये। भारत और पाकिस्तान मित्रता पूर्ण संबंध बनाने की बात पर माने।

(2) दोनों पक्ष में यह समझौता हुआ वे 5 अगस्त 1965 को पूर्व जिस स्थिति में थे, वहां अपनी सेनाओं को वापस बुला लेंगे। दोनों पक्ष युद्ध विराम रेखा पर युद्ध विराम की शर्तों का पालन करेंगे।

(3) दोनों पक्षों ने एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने।

(4) एक दूसरे के विरुद्ध प्रचार को निरुत्साहित करने तथा पुनः राजनयिक संबंधों की स्थापना करने का निर्णय लिया। इस तरह रूस के सहयोग से ताशकंद समझौता हुआ।

**उपरोक्तानुसार प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण सही उत्तर पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारत और चीन के युद्ध के परिणाम

(1) भारत और चीन का संबंध तनावपूर्ण हो गया।

(2) भारत के भू–भाग का बड़ा हिस्सा चीन के कब्जे में चला गया।

(3) भारत की अंतर्राष्ट्रीय छबि और गुट निरपेक्षता की नीति को नुकसान हुआ।

(4) भारतीय विदेशनीति में आदर्शवाद के स्थान पर व्यावहारिकता और यर्थाथवाद को स्थान मिला।

**उपरोक्तानुसार प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण सही उत्तर पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 16. संविधान में संशोधन की प्रक्रिया के आधार पर संविधान का वर्गीकरण कठोर अथवा लचीला के रूप में किया जाता है। यदि किसी देश का संविधान उसी प्रक्रिया से संशोधित किया जा सकता है जिस प्रक्रिया से साधारण विधि का निर्माण होता है तो संबंधित संविधान लचीला अथवा परिवर्तनशील कहलाता है,

परंतु यदि किसी संविधान के संशोधन के लिए विशिष्ट प्रक्रिया अपनायी जाती है तो वह संविधान कठोर अथवा दुष्परिवर्तनशील कहलाता है। भारत के संविधान में संशोधन की तीन प्रक्रियाओं का उल्लेख है जिसके अनुसार संविधान के कुछ प्रावधान संसद के साधारण बहुमत से कुछ प्रावधानों में विशिष्ट बहुमत से तथा महत्वपूर्ण शेष प्रावधानों में संसद के विशिष्ट बहुमत के साथ–साथ आधे राज्यों के अनुसमर्थन से बदले जा सकते है। इस दृष्टि से भारत का संविधान लचीला व कठोर का सम्मिश्रण है।

**उपरोक्त वर्णन विस्तारपूर्वक लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

नागरिकों के मौलिक अधिकार :– नागरिकों के सर्वांगीण विकास हेतु मौलिक अधिकार आवश्यक है। भारत के संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का प्रावधान है। ये ऐसे अधिकार जो न्याय योग्य है ये अर्थात जिनका उल्लंघन होने पर नागरिक उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय की शरण ले सकता है।

(1) समानता का अधिकार :– इस अधिकार के द्वारा प्रत्येक नागरिक को कानून के समक्ष समानता तथा भेदभाव, अस्पृश्यता और उपाधियों का अंत कर दिया गया है, सरकारी नौकरियों में बिना धर्म, जाति, लिंग आदि को भेदभाव किये समानता है।

(2) स्वतंत्रता का अधिकार :– स्वतंत्रता के अंतर्गत नागरिकों को भाषण देने तथा विचार प्रकट करने शांतिपूर्ण सभा करने, संघ बनाने, देश में किसी भी स्थान पर घूमने–फिरने की स्वतंत्रता, देश के किसी भी भाग में व्यवस्था की स्वतंत्रता, देश में कहीं भी रहने की स्वतंत्रता यादि प्राप्त है।

(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार :– प्रत्येक नागरिक को शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है, इस अधिकार के अनुसार मानव के क्रय–विक्रय, किसी से ब्रेगार लेने तथा 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को कारखानों, खानों या किसी खतरनाक धंधें में लगाने पर रोक लगा दी गई है।

(4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार :– भारत एक धर्म निरपेक्ष राज्य है अतः प्रत्येक नागरिक को किसी भी धर्म का अनुसरण करने का अधिकार है। प्रत्येक धर्म के अनुयायियों का अपनी धार्मिक संस्थाएं स्थापित करने तथा उनका संबंध करने का अधिकार है।

(5) सांस्कृतिक तथा शिक्षा संबंधी अधिकार :– इस अधिकार के अंतर्गत भारत के नागरिकों का अपनी भाषा, लिपि तथा संस्कृति को सुरक्षित रखने तथा उसका विकस करने का अधिकार है।

**उपरोक्तानुसार कोई चार लिखने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. समाजवादी अर्थव्यवस्था के लक्षण :–

(1) उद्देश्यपूर्ण अर्थ व्यवस्था :– समाजवादी अर्थव्यवस्था के सुनियोजित लक्ष्य होते हैं और इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विवेकपूर्ण सतत् प्रयास किये जाते है। अतः समाजवादी अर्थव्यवस्था व्यक्तिवादी अर्थ व्यवस्था की भांति अंधी, उद्देश्यहीन व अविवेकपूर्ण नहीं होती है। इसलिए समाजवादी अर्थव्यवस्था को व्यक्तिवादी अर्थव्यवस्था से भिन्न सामूहिकवादी अर्थव्यवस्था कहा जाता है।

(2) उत्पादन के साधनों पर सरकारी स्वामित्व :– इस व्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर व्यक्तिगत स्वामित्व के स्थान पर समाज का सामूहिक या सरकार का स्वामित्व होता है। देश के बड़े–बड़े उद्योगों बैंक बीमा कम्पनी यातायात तथा संचार के साधनों का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाता है।

(3) प्रतियोगिता का अभाव :– उत्पादन के सभी साधनों पर राज्य का अधिकार होता है। इस प्रकार समाजवादी अर्थव्यवस्था में किसी प्रकार की प्रतियोगिता संभव नहीं होती है।

(4) आर्थिक–नियोजन :– सरकार आर्थिक नियोजन नीति को अपनाकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए लक्ष्य निर्धारित करती है विभिन्न क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करती है और निर्णय लेती है।

(5) सामाजिक कल्याण :– समाजवादी अर्थ व्यवस्था में व्यक्तिगत हित के स्थान पर सामाजिक कल्याण को महत्व दिया जाता है। इस प्रकार की अर्थव्यवस्था में आर्थिक क्रियाओं का विश्लेषण तथा उनके बीच समनव्य स्थापित करने का कार्य एक निश्चित योजना के अनुसार किया जाता है जिससे समाज को लाभ हो।

**उपरोक्तानुसार कोई चार लिखने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारत के अनेक छोटे उद्योगों पर वैश्वीकरण का बुरा प्रभाव पड़ा है। विदेशों में उत्पादित माल से प्रतियोगिता करने में छोटे उद्योगों सक्षम नहीं है। परिणामस्वरूप अनेक छोटे उद्योग बंद हो गए है। बैटरी संधारित प्लास्टिक खिलौने, टायर ड्रेयरी उत्पादों एवं खाद्य तेल के उद्योगों की स्थिति अत्यधिक खराब है। यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत में लघु–उद्योगों में कृषि के बाद सबसे अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त है।

वैश्वीकरण सभी के लिए लाभदायी नहीं है। शिक्षित कुशल और सम्पन्न लोगों ने वैश्वीकरण से मिले नये अवसरों का सर्वोत्तम उपयोग नहीं मिला है। श्रमिकों के लिए इन देशों ने अपने बाजार नहीं खोले है। इसी प्रकार कृषि को दी जाने वाली सब्सिडी पर भी कोई निर्णय नहीं हुआ है अतः यह आवश्यक है कि विकसित देशों के वर्चस्व को समाप्त किया जाए और ऐसे वैश्वीकरण को विकसित किया जाय जिसमें सभी देशों को लाभ हो। अनेक लघु एवं छोटे उद्योग प्रतियोगिता के कारण बंद हो गए हैं। विश्व व्यापार संगठन पर विकसित देशों का वर्चस्व होने के कारण वैश्वीकरण के लाभ विकासशील एवं पिछड़े देशों को नहीं मिल पा रहे हैं। नए श्रमिक कानूनों का भी मजदूर वर्ग पर अच्छा

प्रभाव नहीं पड़ा है। वैश्वीकरण सभी समस्याओं का निदान नहीं है। वैश्वीकरण की सफलता आत्मनिर्भरता पर अधिक निर्भर है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. भारत के सीमाकार मानचित्र देखिए।

(अ) थार का मरूस्थल

(ब) नर्मदा नदी

(स) कर्क रेखा

(द) बंगाल की खाड़ी

(इ) एक गन्ना उत्पादक क्षेत्र

अथवा

मौसम–संबंधी संकेत –

(1) शांत वायु :– ⊙

(2) प्रबल समीर :– 

(3) धुंध :– ⋈

(4) कुहरा :– ≡

(5) धुंधला आकाश :– ⊗

**मौसम संबंधी प्रत्येक सही संकेत पर 1 अंक एवं 5 पर पूर्ण अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 19. बंग–भंग आंदोलन के प्रभाव – 1905 के बंगाल विभाजन के दूरगामी परिणाम सामने आये जिनके कारण भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा मिली। इसके प्रभाव इस प्रकार है :–

(1) बंगाल–विभाजन से न केवल बंगालियों में रोष उत्पन्न हुआ वरन संपूर्ण राष्ट्र ने इस अपना अपमान समझा। 16 नवम्बर 1905 ई. में बंगाल का विभाजन

जब सरकारी रूप से मनाया गया तो राष्ट्रीय नेताओं ने सशक्त शब्दों मे इसका विरोध किया।

(2) भारतीय जनता ने बंगाल के विभाजन के विरोध में देश भर में अनेक सभाओं का आयोजन किया। सरकार ने भी क्रूरतापूर्वक दमन चक्र चलाया जिसका उत्तर जनता ने विदेशी कपड़ों का बहिष्कार करके तथा स्वदेशी आंदोलन चलाकर दिया। स्थान–स्थान पर विदेशी कपड़ों की होली जलायी गयी।

(3) राष्ट्रीय–शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा सरकारी शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार किया गया। इसके अतिरिक्त स्वतंत्र राष्ट्रीय शिक्षा संस्थाओं की स्थापना की गयी।

(4) बंगाल विरोधी आंदोलन में शिक्षा संस्थाओं के अतिरिक्त स्वदेशी उद्योगों की स्थापना के भी प्रयत्न किये जिससे व्यापारी, जनता तथा श्रमिकों में भी राष्ट्रीयता की भावना का विकास हुआ।

(5) बंगाल के विभाजन से बौद्धिक वर्ग मे जागृति उत्पन्न हुई। कांग्रेस के बुद्धि जीवियों मे ंउग्रता की भावना तीव्र हुई तथा वे पूर्णतया सरकार विरोधी हो गये। लाल–बाल–पाल राष्ट्रीय जन नेता के रूप में उभरे तथा भारत में क्रांतिकारी विचार धाराओं का सूत्रपात हुआ।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण सही पर अंक 5 प्राप्त होंगे।**

अथवा

सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाये जाने के कारण :– सविनय अवज्ञा आंदोलन का अभिप्राय है कि विनयपूर्वक ब्रिटिश सरकार की अवज्ञा करना। ब्रिटिश सरकार का विरोध करने का यह एक तरीका अहिंसक था।

सन् 1929 के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये गांधी जी ने नेतृत्व में सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाने का निर्णय लिया।

इसकी शुरूआत गांधी जी ने 12 मार्च, सन् 1930 में की थीं वे चाहते थे सरकार विनियम की दर घटाये, भू–राजस्व कम करें, पूर्ण नशाबंदी लागू हो, बन्दूकों को रखने का लाइसेंस दिया जाये, नमक कर समाप्त हो, हिंसा से दूर रहने वाले राजीतिक बंदी छोड़े जाये, कपड़ों का आयात कम हो आदि। वायसराय ने इन मांगों को अस्वीकार कर दिया अतः गांधी जी ने योजनानुसार सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ किया। सविनय अवज्ञा आंदोलन एक जन आंदोलन था। जनता के मन में ब्रिटिश सरकार का भय समाप्त हो गया। राष्ट्रीय नेताओं के जेल में होने के बावजूद आंदोलन चलता रहा। स्वतंत्रता प्राप्ति की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम था।

**उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं का भी विस्तार पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त प्राप्त होंगे।**

उत्तर 20. काश्मीर समस्या :– काश्मीर की समस्या भारत और पाकिस्तान के मध्य सबसे जटिल समस्या है। स्वतंत्रता के पश्चात् दो नये राज्य बने। देशी रियासतों को स्वतंत्रता प्रदान की गई कि वह अपनी इच्छानुसार भारत या पाकिस्तान में विलय हो सकती हैं या स्वतंत्र रह सकती हैं।

काश्मीर के राजा हरीसिंह ने अपनी रियासत जम्मू–कश्मीर को स्वतंत्र रखने का निर्णय लिया। राजा हरीसिंह का विचार था कि काश्मीर यदि पाकिस्तान में मिलता है तो जम्मू की हिन्दू जनता और लद्दाख की बौद्ध जनता के साथ अन्याय होगा और यदि वह भारत में मिलता है तो मुस्लिम जनता के साथ अन्याय होगा। अतः विलय के विषय में तत्काल कोई निर्णय नहीं लिया था। 22 अक्टूबर 1947 को उत्तर पश्चिम सीमा प्रांत के कबाइलियों और अनेक पाकिस्तानियों ने काश्मीर पर आक्रमण कर दिया। पाकिस्तान काश्मीर को अपने में मिलाना चाहता था। काश्मीर के शासन ने आक्रमणकारियों से अपने राज्य को बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता मांगी। साथ ही काश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की।

सयुंक्त राष्ट्र संघ के प्रयास ने इस समस्या के समाधान के लिए पांच राष्ट्रों का एक दल बनाया।

जनमत संग्रह के प्रयास :– किए गए किन्तु उसका कोई परिणाम नहीं निकला। पाकिस्तान काश्मीर को छोड़ना नहीं चाहता बल्कि उसका दावा भारत के नियंत्रण में स्थित काश्मीर पर भी था अतः उसने अपनी सैनिक शक्ति में वृद्धि की तथा शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका से संधि कर अपना पक्ष मजबूत बनाने का प्रयास किया।

भारत द्वारा जम्मू–काश्मीर को विशेष दर्जा :– 6 फरवरी 1954 को काश्मीर की विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर जम्मू–काश्मीर राज्य का विलय भारत मे करने की सहमति प्रदान की और अनुच्छेद 370 के अंतर्गत जम्मू–काश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान किया गया।

इसके बाद पाकिस्तान निरंतर काश्मीर का प्रश्न उठाकर वहां राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने का प्रयास करता रहा है। पाकिस्तान ने इस मामले को सुरक्षा–परिषद में उठाकर जनमत संग्रह की मांग की। भारत की मित्रता सोवियत–संघ के साथ थी।

पाकिस्तान को जनमत संग्रह के प्रश्न पर अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस का समर्थन प्राप्त रहा परंतु भारत ने इसका विरोध किया। सोवियत संघ ने विशेषाधिकार का प्रयोग कर इस मामले को ठंडा किया। सन् 1962 में पाकिस्तान ने काश्मीर पर पुनः जनमत संग्रह की मांग उठायी परंतु पुनः सोवियत संघ ने अपने विशेषाधिकार का उपयोग किया।

पाकिस्तान में जितनी भी सरकारें आयी हैं। वे काश्मीर के मुद्दे को जीवन्त रखने का प्रयास करती हैं जबकि भारत के लिए मुद्दा उसकी अखण्ड़ता और सम्मान का प्रश्न है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।**

अथवा

सन् 1971 के भारत–पाक युद्ध के निम्नलिखित परिणाम हुएः–

(1) बंगला देश का निर्माण हुआ :– सन् 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध की परिणिति के रूप में बांग्लादेश का उदय हुआ। जब पूर्वी बंगाल और पाकिस्तानी शासक के विरुद्ध विद्रोह हुआ तब भारत की सहानुभूति बंगला स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति रही। 26 मार्च 1971 को शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व मे स्वतंत्र बांग्ला देश की घोषणा गुप्त रेड़ियों से की गई।

(2) पाकिस्तान का क्षेत्रफल जनसंख्या शक्ति कम हुई। 10 दिसम्बर 1971 को भारत बांग्ला देश की प्रथम संधि हुई।

(3) सन् 1965 के पश्चात् 1971 में पुनः पाकिस्तान की हार ने उसका मनोबल तोड़ दिया।

(4) भारत को यह समझ में आ गया कि अमेरिका उसका हितैषी नहीं है अतः भारत ने सोवियत संघ के साथ मित्रता बढ़ाई। इस युद्ध ने पाकिस्तान से सहानुभूति रखने वाले राष्ट्र अमेरिका और चीन के हौंसलों और महत्वाकांक्षा की पराजय हुई।

(5) भारत–पाकिस्तान युद्ध के समय देश के विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने सारे मतभेद भुला दिए। बांग्लादेश की मुक्ति का प्रश्न एक राष्ट्रीय प्रश्न बन गया था।

(6) पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा जनता ने राष्ट्रपति याहिया खां से त्यागपत्र की मांग की।

पराजय से असंतुष्ट होकर पाकिस्तान में प्रदर्शन हुए। याहिया खां को त्यागपत्र देना पड़ा। उनका स्थान जुल्फिकार अली भुट्टो ने लिया। जिन्हें विरासत में कई समस्याएं मिलीं। विभक्त जनमत, विभक्त मनःस्थिति और विभक्त नेतृत्व वाला पाकिस्तान नियति के चक्र में बुरी तरह फंस गया।

बांग्लादेश को एक स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से भारत–बांग्ला देश की द्वितीय संधि हुई थी। भारत ने बांग्ला देश की आर्थिक आंतरिक व बाह्य समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी ली थी।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।**

उत्तर 21. लोक सभा अध्यक्ष के कार्य –

1. अध्यक्ष केन्द्रीय लोकसभा भी सभी बैठकों की अध्यक्षता करता है और अध्यक्ष होने के नाते उसके द्वारा सदन में शांति व्यवस्था और अनुशासन बनाये रखने का कार्य किया जाता है। लोकसभा की कार्यवाही का संचालन अनुशासन एवं सदन को भंग करने की कार्यवाही करता है।

2. लोकसभा का समस्त कार्यक्रम और कार्यवाही अध्यक्ष के द्वारा ही निश्चित की जाती है। वह सदन के नेता के परामर्श से विभिन्न विषयों के संबंध में वाद–विवाद का समय निश्चित करता है।

3. अध्यक्ष यह निश्चित करता है कि कोई विधेयक वित्त विधेयक है या नहीं। इसकी स्वीकृति लोकसभा अध्यक्ष देता है।

4. संसद और राष्ट्रपति के बीच सारा पत्र व्यवहार उसके द्वारा ही होता है। अतः लोकसभा अध्यक्ष के कार्य महत्वपूर्ण हैं।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।**

अथवा

राज्यपाल के प्रमुख विधायी शक्तियां –

(1) राज्यपाल विधानसभा का प्रमुख अंग होता है। वह विधानसभा की बैठकों को बुलाता है, बैठकों को स्थगित करता है। तथा उन्हें विसर्जित करता है। मुख्यमंत्री के परामर्श पर विधानसभा भंग कर सकता है।

(2) विधान मंडलों द्वारा स्वीकृत विधेयकों पर राज्यपाल की स्वीकृति अनिवार्य है। वित्त विधेयकों के अतिरिक्त राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को पुनः विचार के लिए वापस भेज सकता है। दूसरी बार विधानसभा की बैठक में चर्चा के बाद विधेयक को पारित किया जाता है।

(3) जब विधानसभा का अधिवेशन न चल रहा हो तो राज्यपाल अध्यादेश जारी कर सकता है।

(4) जब राज्यपाल को यह अनुभव होता है कि राज्य का प्रशासन संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार चलना संभव नहीं हो रहा हो तब राज्य में संविधान तंत्र की विफलता की सूचना राष्ट्रपति को देता है। राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर ही राष्ट्रपति राज्य में संकट काल लागू करता है। ऐसी स्थिति में वह राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर पूर्ण अंक 5 प्राप्त होंगे।**

उत्तर 22. जनसंख्या विस्फोट के सामाजिक कारण :–

(1) संयुक्त परिवार प्रथा होने से अधिक बच्चों के पालन पोषण में सामान्यतः परेशानी न होना। जिससे जनसंख्या की वृद्धि निंरतर हो रही है।

(2) बाल विवाह और विवाह आयु कम होने से बच्चे अधिक और जल्दी पैदा होना। भारत जैसे देश में बाल विवाह का होना जनसंख्या वृद्धि का महत्वपूर्ण कारण माना जाता है। सामाजिक बंधन बाल–विवाह को प्रोत्साहित करते हैं। कई जातियों में छोटे –छोटे बच्चों के विवाह की प्रथा भी है।

(3) भारतीय समाज का परम्परावादी होना एवं लड़कों के जन्म को महत्वपूर्ण माना जाता है। लड़कियों की अपेक्षा लड़कों को समाज में ऊंचा दर्जा दिय जाता है। लड़कों की पढ़ाई स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। ऐसी परम्परावादी भारत की रुढ़ियां हैं।

(4) स्त्रियों का सामाजिक स्थिति का कमजोर होना। उन्हें समाज में पुरुषों की तरह मान–सम्मान नहीं दिया जाता है। पितृसत्तात्मक समाज के कारण स्त्रियों की निम्न स्थिति बनी हुई है।

(5) बच्चों के जन्म को ईश्वर की देन मानना। जिससे भारत में जनंसख्या की वृद्धि हो रही है।

प्रो. ज्ञानचंद, डा. चन्द्रशेखर का माना है कि भारत की जनसंख्या में तीव्र वृद्धि निम्न जीवन स्तर बढ़ता हुआ जन घनत्व इस तथ्य के प्रमाण है कि भारत में

जनंसख्या विस्फोट की स्थिति है। भारत में जनसंख्या वृद्धि के अन्य कारण भी हैं, जैसे–बाल विवाह को प्रथा तथा पुत्र जन्म की अनिवार्यता आदि है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर पर 1 अंक एवं पूर्ण सही पर 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

मादक पदार्थों के सेवन पर रोक या कमी से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा। आर्थिक सम्पन्नता बढ़ेगी। परिवार में सुख शाति होगी। अपराध कम होंगे। कार्य कुशलता बढ़ने से देश के उत्पादन पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और उसमें वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। देश के विकास के लिए स्वस्थ नागरिक आवश्यक होते है। हमारी भावी पीढ़ी स्वस्थ और सम्पन्न होगी। प्रत्येक देश ने इन पदार्थों के सेवन पर रोक लगाने के लिए नीति और नियम बनाए हैं और उन्हें लागू किय है।

समाज मे ंचेतना जगाने के लिए सामाजिक संस्थाएं निरंतर कार्य कर रही हैं। हमारे देश में भी इस हेतु कार्य किए जा रहे हैं।

महात्मा गांधी द्वारा मद्य–निषेध का अभियान चलाया गया था। वर्तमान सरकारों ने भी इस नीति को लागू किया है पर इसे अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं हुई हैः।

**उपरोक्तानुसार विस्तार पूर्वक लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 23. औषधीय उद्यान–विधि के अंतर्गत निम्नलिखित फसलों का उत्पादन संभव है :–

(1) फल :– भारत में उष्ण कटिबंधीय फलों के अंतर्गत आम, केला, नीबू, अनन्नास, पपीता, अमरुद, चीकू, लीची, अंगूर तथा शीतोष्ण कटिबंधीय फलों में सेब, आडु , नाशपाती, खूबानी, बादाम, अखरोट और शुष्क क्षेत्र के फलों में आंवला, बेर, अनार, अंजीर का उत्पादन होता है।

(2) सब्जियां :– सब्जियों की पैदावार में चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है। भारत में उगाई जाने वाली प्रमुख सब्जियां टमाटर, प्याज, बैगन, पत्तागोभी, फूल गोभी, मटर, आलू खीरा है।

(3) फूल :– गुलाब, ग्लैडियोला, ट्यूब रोज, कोसाद्रो प्रमुख फूल है। इनकी खेती भारत में परम्परागत ढंग से हो रही है।

(4) मसाले :– भारत मसालों का घर कहा जाता है। यहां काली मिर्च, इलायची, अदरक, लहसुन, हल्दी, मिर्च के साथ–साथ बीज वाले मसालों का भी उत्पादन होता है। भारत मसालों में सबसे बड़ा उत्पादक उपभोक्ता एवं निर्यातक देश है।

(5) औषधीय व सुगंधित पौधे :– लगभग 2000 देशी प्रजातियों का औषधि के रूप में एवं 1300 प्रजातियों को सुगंधित एवं महक देने वाले पौधों के रूप में चिन्हित किया गया है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर एवं अन्य बिन्दु पर पूर्ण पर 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारतीय अर्थ व्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि हमारा प्राथमिक व्यवसाय है। इसमें फसलों की खेती तथा पशुपालन दोनों ही सम्मिलित है।

(1) जनसंख्या का भरण पोषण :– भारतीय कृषि से विश्व की लगभग 17 प्रतिशत जनसंख्या का पोषण हो रहा है। कृषि हमारी दो–तिहाई जनसंख्या का भरण पोषण करती है।

(2) रोजगार में योगदान :– भारतीय कृषि में देश की लगभग दो–तिहाई श्रमशक्ति लगी हुई है। इसके द्वारा अप्रत्यक्ष रूप में भी अनेक लोगों को रोजगार मिला है। लोग या तो दस्तकारी में लगे हैं या गांवों में कृषि उत्पादों पर आधारित छोटे–मोटे उद्योग धंधों में लगे है। साथ ही कृषि में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देने की संभावनाएं छिपी है।

(3) उद्योग धंधों का आधार :– कृषि हमारे देश के अनेक छोटे–बड़े तथा कुटीर उद्योगों का प्रमुख आधार है क्योंकि इन उद्योगों के लिए कच्चा माल कृषि से ही प्राप्त होता हैं जैसे कपड़ा उद्योग के लिए कपास, जूट उद्योग के लए जूट

(पटसन) चीनी उद्योग के लिए गन्ना तथा अन्य अनेक उद्योगों के लिए तिलहन इत्यादि कृषि से ही प्राप्त होते हैं। इस प्रकार देश का औद्योगिक विकास बहुत कुछ कृषि पर आधारित है।

(4) निर्यात व्यापार में महत्व :– भारत में विदेशी व्यापार में भी कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। चाय, तिलहन, तम्बाकू, मसाले, कहवा, रूई, जूट, आलू, गुड़, प्याज सूती वस्त्र चीनी आदि अनेक वस्तुएं जिनका भारत विदेशों को निर्यात करता है। कृषि से ही ये प्राप्त होती है।

(5) खाद्य सामग्री की प्राप्ति :– कृषि से लोगों को खाद्य सामग्री जैसे गेहूं, चावल, जौ, चना, दाले, मक्का, ज्वार , बाजरा, फल मेवा एवं शाक–सब्जियों तिलहन तथा विविध प्रकार के मसालें प्राप्त होते है।

(6) संतुलित आहार की प्राप्ति :– कृषि पदार्थों से ही भोजन में संतुलित आहार हेतु कार्बोहाइट्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन आदि प्राप्त होते है। खाद्य पदार्थों की प्राप्ति एवं पूर्ति के संबंध में 'महात्मा गांधी' का कथन है– 'जीवन कृषि पर निर्भर करता है। जहां कृषि लाभदायक नहीं है वहां स्वयं जीवन भी लाभदायक नहीं हो सकता है।'

संक्षेप में भारतीय कृषि देश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधरशीला है। इसकी सफलता और विफलता का प्रभाव देश की खाद्य समस्या सरकारी आय आंतरिक व विदेशी व्यापार यातायात के साधनों तथा राष्ट्रीय आय पर प्रत्यक्ष रूप से पड़ता है। इसलिए कहा जाता है मानव जीवन में जो महत्व आत्मा का है वही भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं का भी विस्तार करने पर पूर्ण पर 6 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 24. सन् 1857 की क्रांति के परिणाम –

(1) भारत का शासन इंग्लैण्ड की सरकार ने अपने हाथ में ले लिया कम्पनी के शासन की समाप्ति।

(2) सेना में भारतीयों की संख्या कम करके यूरोपियन सैनिकों की संख्या बढ़ा दी गई अब सेना में उच्च पद पर केवल अंग्रेज ही रखे गए थे।

(3) ब्रिटिश मंत्रिमंडल में भारतीय मंत्री की नियुक्ति की गई।

(4) भारतीयों को बिना भेदभाव के नौकरियां देने का वचन दिया गया तथा महारानी–विक्टोरिया के घोषणा पत्र को दिल्ली के दरवार में पढ़ा गया जिसमें भारतीय नरेश और जनता को आश्वासन दिया गया था।

(5) देशी राज्यों को हड़पने की नीति का अंत कर दिया गया तथा देशी नरेशों को बचन दिया गया कि अब उनके राज्य को अंग्रेजों राज्य में नहीं मिलाया जायगा। हिन्दूओं –मुसलमानों के धार्मिक–सामाजिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का महारानी विक्टोरिया के घोषणा पत्र में वचन दिया।

**उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं का भी विस्तार देने पर पूर्ण 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

उग्र राष्ट्रवाद के उदय के कारण :–

(1) अकाल व प्लेग :– 19वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में भारत में कई भागों में अकाल पड़ा एवं प्लेग फैला। ब्रिटिश सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे लोगों मे ंअसंतोष फैला जिससे उग्रवाद ने जन्म लिया।

(2) बंगाल विभाजन :– लार्ड कर्जन ने 1905 में बंग–भंग द्वारा बंगाल का विभाजन कर दिया। इससे जनता में रोष भर गया और वह उग्रवाद की ओर अग्रसर हुई।

(3) धार्मिक और सामाजिक सुधारों का प्रभाव :– धार्मिक और सामाजिक सुधारों ने भारतीय जनता में आत्मविश्वास भर दिया था।

(4) विदेशी घटनाओं का प्रभाव :– फ्रांस और अमेरिका की क्रांतियों ने भी भारतीय जनता को प्रेरणा प्रदान की। अतः वे उग्रवादी आंदोलनों द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ती हेतु प्रयास करने लगे।

उग्रवाद के प्रमुख नेताओं के नाम –

1. लाला लाजपत राय।
2. बाल गंगाधर तिलक।
3. विपिन चन्द्र पाल।

**उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं का भी विस्तार देने पर पूर्ण 6 अंक प्राप्त होंगे।**

– – – – – –